अद्धा दुबे के बैंक खातों की भी
से जांच की जाएगी ताकि यह पता
के कि उसके पास फंडिंग कहां-
हो रही थी। पिछले 10 दिनों के
रार रहने में इन आरोपियों की मदद
ले अन्य चेहरों को भी बेनकाब
ख्यों के आधार पर सख्त कानूनी
की जाएगी।

शिकायत पर मॉडल श्रद्धा दुबे के खिलाफ हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसके बाद से वह फरार चल रही थी। यूपी पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने तकनीकी सर्विलांस व अन्य साक्ष्यों के आधार पर गत मंगलवार को नागपुर के एक अपार्टमेंट से मॉडल श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश को धर दबोचा था।

लांकि, पूछताछ के दौरान श्रद्धा सवालों पर चुप्पी साधे रही और यही कहती नजर आई कि 'मुझसे वकील से बात करिए।' अन्य आरोपियों रश्मि और दानिश से भी अलग-अलग पूछताछ कर बयानों का मिलान किया गया ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सभी एक ही कहानी गढ़ रहे हैं या सच छुपा रहे हैं।

की ओर से जारी संयुक्त कार्यालय आदेश के अनुसार, यह अवकाश आज यानी 23 अक्टूबर को प्रभावी रहेगा। आदेश के तहत जनपद लखनऊ में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त विद्यालय चाहे वे उत्तर प्रदेश बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएससी या अन्य किसी भी बोर्ड से संचालित होंकपूरी तरह बंद रहेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से यह विशेष अवकाश घोषित किया गया है। सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और प्रबंधकों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

करेंगे और सामूहिक परिचर्चाओं में भाग लेंगे। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के विशेष सत्र का औपचारिक शुभारंभ शनिवार, 24 अक्टूबर को 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर विशेषज्ञों को संबोधित भी करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में हो रहे आधुनिक तकनीकी बदलावों, अपराध अनुसंधान में फॉरेंसिक साक्ष्यों की भूमिका और वैश्विक स्तर पर अपनाई जा रही सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों पर मंथन करना है।

एशियन पैरा गेम्स-2026 में यूपी का जलवा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एशियन पैरा गेम्स-2026 में शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने वाले सुहास एलवाई और सुवर्णा राज को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आईएएस अधिकारी उत्तर प्रदेश खेल विभाग के सचिव सुहास एलवाई ने पुरुष एकल पैरा-बैडमिंटन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। जबकि सुवर्णा राज ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो 54 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि एशियन पैरा गेम्स-2026 में पुरुष एकल पैरा-बैडमिंटन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर सुहास एलवाई को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि सुहास की यह उपलब्धि दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम से सपनों को साकार करने की प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत मंगलकामनाएं भी व्यक्त की। सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए एशियन पैरा गेम्स-2026 में महिलाओं की डिस्कस थ्रो 54 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली सुवर्णा राज को हार्दिक बधाई दी।

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की शिकायतों पर पीलीभीत के दो एसडीएम हटाये गये

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस की पीलीभीत में मतदाता सूची में गड़बड़ी का शिकायतों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने एक्शन लिया है। उन्होंने मामले का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी पीलीभीत को अवगत कराया और डीएम ने दो एसडीएम को हटाकर अब उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।



■ डीएम ने दोनों के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

पीलीभीत जिले में मतदाता सूची गड़बड़ी में दो एसडीएम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी है। इनको पद से हटा दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि जहां से भी वोटर लिस्ट में गडबड़ी की शिकायत मिलेगी तो वहां पर जांच कराई जाएगी। पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र की सूची में मतदाताओं के फोटो पहचान पत्र कार्ड नंबर एपिक आइडी) में गड़बड़ी के आरोप पर अमरिया तहसील में तैनात रहे दो एसडीएम (निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी) को बुधवार को हटा दिया गया है। कांग्रेस व सपा का आरोप है कि एसआइआर की अंतिम सूची प्रकाशन के बाद एसडीएम मयंक गोस्वामी और हेमंत चौधरी ने जुलाई से सितंबर के बीच एपिक आइडी गलत कर दीं, ताकि चिह्नित लोगों को मतदान का मौका न मिले। इसी प्रकार की शिकायत 15 अक्टूबर को आवास विकास निवासी फैजान व फरहान ने डीएम से की थी। उनकी एपिक आइडी पर गलत नाम दर्ज हुआ था। ऐसी कई शिकायतों के बाद मामला तूल पकड़ता गया, तब बुधवार को आयोग ने कार्रवाई के निर्देश दिए। मयंक गोस्वामी को पूरनपुर से और हेमंत चौधरी को अमरिया से हटाकर जिला मुख्यालय संबद्ध कर दिया गया है। कंप्यूटर आपरेटर अनिल कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई। आज इन तीनों पर प्राथमिकी भी दर्ज कराने की तैयारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी, पीलीभीत को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची की त्रुटियों की गहन जांच दो दिनों में कराकर रिपोर्ट सौंपने को आयोग ने कहा है। पूरे प्रदेश में मतदाता सूची की जांच होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मामले का संज्ञान लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी को जल्द जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। सपा और कांग्रेस ने गलत नाम दर्ज होने और पात्र मतदाताओं के नाम कटने की शिकायत की थी और इनके आरोप सही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है।

केजीएमयू की इमरजेंसी में मोबाइल चार्ज करने पर गार्ड ने निकाला

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की इमरजेंसी में मोबाइल चार्ज करने को लेकर मरीज के तीमारदार और सुरक्षा गार्ड के बीच विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्विच बोर्ड में मोबाइल चार्ज होते देख गार्ड ने उसे निकालकर फेंक दिया और दोबारा चार्ज करने पर मोबाइल नहीं मिलने की चेतावनी दी। घटना को लेकर तीमारदारों ने नाराजगी जताई। तीमारदारों का कहना है कि वे अपने मरीज के इलाज के लिए इमरजेंसी में आए हैं। ऐसे समय में उनकी परिस्थितियों को समझने के बजाय उनके साथ सख्ती की गई। आरोप है कि गार्ड ने मोबाइल चार्जिंग पर रोक लगाते हुए स्विच बोर्ड पर टेप लगा दिया और शिकायत करने की बात कहकर उन्हें जवाब दिया जिससे कहना हो कह दो जाके। तीमारदारों का कहना है कि कोई शौक से अस्पताल में मोबाइल चार्ज करने नहीं आता, बल्कि आपात स्थिति में परिजनों को संपर्क बनाए रखने के लिए इसकी जरूरत पड़ती है

गमगाएगी रामनगरी

बीच होगा भूमि पूजन

द्र सिंह के कर-कमलों से संपन्न होगा। इसमें विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य और व्यक्ष शामिल होंगे। इस वर्ष विस्तारित राम की पैड़ी, री चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल सहित कुल घाटों पर दीप सजाए जाएंगे। इससे पहले दीपोत्सव आयोजन 55 घाटों पर होता था। प्रो. संत शरण मिश्र ताया कि सभी घाटों पर दीयों की व्यवस्थित श्रृंखला ने के लिए माइक्रो-प्लानिंग के तहत काम किया जा है, ताकि तय समयसीमा में तैयारियां पूरी की जा सकें। र्ग कमेटी के संयोजक एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि दीपों सटीक और आकर्षक स्वरूप में सजाने के लिए चार फोट के ब्लॉक चिह्नित किए जा रहे हैं। प्रत्येक ब्लॉक धारित संख्या के अनुसार दीपों की सजावट का खाका र किया जा रहा है। उनकी टीम अगले तीन से चार दिनों ार्किंग का काम पूरा कर लेगी। दीपोत्सव को सफल ने के लिए 35 हजार वालंटियर लगाए जाएंगे। इनमें डिग्री कॉलेजों, 40 इंटर कॉलेजों और अवध विद्यालय परिसर के विद्यार्थी शामिल होंगे। साकेत विद्यालय, राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज,

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !
pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

शाखा आफिस - एआरएमबी, लखनऊ
निकट कपूरथला चौराहा, अलीगंज, लखनऊ-226024
मो. नं. 9820211978 ईमेलः cs8272@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

ई–नीलामी प्रिक्रिया से वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत जो प्रतिभूति (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित है, अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना।

जनसाधारण और विशेष रूप से उधारकर्ताओं, जमानतकर्ताओं, बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल/चल संपत्ति(यों) जिन्हें बैंक के पास में गिरवी/बंधक रखा गया था एवं जिनका रचनात्मक कब्जा (सांकेतिक/भौतिक) पंजाब नैशनल बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है की ई–नीलामी 'जहाँ है जैसा है', 'जहां है जो है' और 'जो भी हो' के अनुसार निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और जमानतकर्ताओं से प्रतिभूत राशि की वसूली के लिए की जाएगी। बिक्री की तारीख, आरक्षित मूल्य, EMD राशि एवं अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण (कोई अधिभार ज्ञात नहीं) निम्नानुसार है। ऋणियों/ जमानतकर्ताओं /बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

बिक्री हेतु बंधक सम्पत्ति का विवरण

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाते का विवरण / उधारकर्ता/जमानतकर्ता/ खाता का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/यों) (परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित)	अ)डिमांड नोटिस की तिथि 13(2)सरफेसी नियम 2002 / ब)बकाया राशि / स) कब्जा की तिथि, 13(4) सरफेसी नियम 2002 / द)कब्जा का प्रकार–रचनात्मक/सांकेतिक/भौतिक कब्जा	अ)आरक्षित मूल्य / ब)धरोहर धनराशि (धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि) / स) वृद्धिशील बिड धनराशि	ई–नीलामी की तिथि व समय	प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात अधिभार का विवरण

धरोहर धनराशि जमा करने हेतु खाते का विवरण : खाता नं. 827200317118A आईएफएस कोड (IFS code)-PUNB0827200
नोडल अधिकारी - श्री एन्थोनी खलखो मुख्य प्रबन्धक, एआरएमबी, लखनऊ, मो. +91 9820211978

1	शाखा : एआरएमबी लखनऊ (मूल शाखाः विवेक खण्ड, गोमतीनगर लखनऊ (392600) वर्तमान एआरएमबी लखनऊ खाता का नाम–श्री उमेश पाण्डेय एवं श्रीमती रचना पाण्डेय खाता नं. 392600NB20015457, 392600NC20026052 उधारकर्ता/बंधककर्ताः 1. श्री उमेश पाण्डेय पुत्र स्व. विश्वनाथ पाण्डेय, उधारकर्ता– श्रीमती रचना पाण्डेय पत्नी श्री उमेश पाण्डेय दोनों निवासी 3/320, विश्वास खंड गोमतीनगर लखनऊ	सभी भाग एवं हिस्सों सहित सम्पत्ति स्थित प्लॉट सी 189, पॉकेट सी, मधुवन बापू धाम योजना, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण कॉलोनी, गाजियाबाद क्षेत्र 300.00 वर्ग मीटर । सम्पत्ति मालिक श्री उमेश पाण्डेय पुत्र स्वा विश्वनाथ पाण्डेय।	अ) 09-06-2026 समाचार पत्र में प्रकाशित 21-06-2026 / ब)रू. 2,13,85,524.72 दि- 30-09-2026 को +ब्याज दि- 01-10-2026 से प्रभावी एवं अन्य खर्च, घटाओ वसूली यदि कोई हो तो,	अ)रू 1,78,50,000/- / ब)रू. 17,85,000/- / 26-11-2026 / रात्रि 11.00 बजे तक	27-11-2026 / पूर्वान्ह 11.00 बजे से / अपरान्ह 4.00 बजे	कोई अधिभार ज्ञात नहीं